कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान कोटा

Phone No. 0744- 2330823 E-mail :- dcfmnp.kot.forest@rajasthan.gov.in

साईट निरीक्षण डायवर्जन प्रस्ताव चम्बल– भीलवाडा पेयजल परियोजना दिनांक 08.02.2016

दिनांक 08.02.2016 को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा श्री सत्यपाल सिंह क्षैत्रीय वन अधिकारी, श्री महेश बुर्डक सर्वेयर कार्यालय हाजा, श्री बिहारी लाल यादव क्षैत्रीय वन अधिकारी जवाहर सागर एवं सत्यनारायण लोदवाल नाका प्रभारी श्रीपुरा के साथ चम्बल पेयजल परियोजना जवाहर सागर अभयारण्य क्षेत्र से गुजरने वाली पाईप लाईन एवं इन्टेक वैल का निरीक्षण किया गया यूजर ऐजेन्सी द्वारा वाईल्ड लाईफ क्लिीरेसं आदेश दिनांक 10.05.2011. से प्राप्त करने के उपरान्त भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय क्षैत्रीय कार्यालय लखनऊ के पत्रांक संख्या 8बी/राज/08/18/2012/एफ सी/1049 दिनांक 08.11.2014 एवं शासन सचिव वन विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक एफ 1 (61) वन/2012 दिनांक 02.12.2014 से वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत चित्तौडगढ जनपद की 3.448 है0 वन भूमि का प्रत्यावर्तन किया जा चुका जिसमें 2.57 है0 वन भूमि आती है एवं 0.878 है0 वन भूमि उप वन संरक्षक प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी एफ.सी.ए. राजस्थान जयपुर के पत्रांक एफ 14 ( ) 2011/एफ सी ए/प्रमुवस/ 5706–09 दिनांक 21.08.2015 द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में पुनः प्रस्ताव प्रेषित किये जाने है। भारत सरकार पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षैत्रीय कार्यालय (मध्यक्षैत्र) लखनऊ के पत्रांक संख्या 8बी/राज/08/41/2015/एफ सी/1070 दिनांक 18.12.2015 से आलोच्य प्रकरण में प्रस्ताव को आनलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। आवेदित प्रस्ताव का इस वनमण्डल के अधीन आने वाले क्षैत्र का निरीक्षण दिनांक 08.02.2016 को पुनः किया गया ।

इस कार्यालय के अधीन जवाहर सागर अभयारण्य क्षेत्र में इन्टेकवैल का निर्माण करवाया गया है, जो ग्राम भैंसरोडगढ के राजस्व क्षेत्र में है तथा कार्य प्रगति पर है। पाईप लाईन इन्टेकवैल भैंसरोडगढ से रोड के सहारे–सहारे ग्राम श्रीपुरा तक एवं श्रीपुरा से गुर्जर कला ग्राम तक कच्चे रास्ते के सहारे–सहारे कुछ जगह डाली जा चुकी तथा कुछ जगह कार्य प्रगति पर है। पाईप लाईन डालने हेतु पाईप लाईन की चौडाई 5 मीटर में ही ली गयी है लेकिन कुछ जगह पर जहां पत्थर है पाईप लाईन का मलना 10 से 15 मीटर की ऊँचाई में डाला गया है। पाईप लाईन के एरिया में काटे गये पेड कुछ नाके श्रीपुरा पर डाले गये है। मौके पर उपस्थित क्षैत्रीय वन अधिकारी जवाहर सागर को निर्देश दिये गये कि, यूजर ऐजेन्सी से जो मलवा पाईप लाईन खोदने एवं भरने से शेष पडा है स्थल को समतल करते हुए श्रीपुरा नाके पर डलवाया जावे।

श्रीपुरा नाके पर बनी पक्की दीवार (बाउण्ड्रीं वाल) जो रोड के सहारे पाईप लाईन डालने हेतु तोडी गयी है एवं लोहे की गेट जिसको तुरन्त बनवाने के निर्देश दिये गये वे बन गये तथा स्वीकृत शुदा दो वाटर पोईन्टों पर पानी देने के निर्देश दिये गये।

8/2/2016

(एस. आर. यादव)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान कोटा

DCF Computer\D:\Nirishan 2015-16/Nirikshan letter.doc